# कक्षा 4

# हिन्दी

# पाठ-1 ...........

प्रश्नः1 जादूगर यह कौन ? पाठ में जादूगर कौन है
(क) सूरज (ख) धरती
(ग) पवन (घ) बादल
उत्तर (घ)

प्रश्नः2 सूरज की रोशनी से दिन होता है। किसके कारण अर्थात कौन दिन में भी रात कर सकता है ?
(क) चाँद (ख) पेड़-पौधे
(ग) पहाड़ (घ) बादल
उत्तर (घ)

प्रश्नः3 वह कौन है जिसके कारण सूरज भी अपनी रोशनी से प्रकाश नहीं कर सकता ?
(क) वर्षा (ख) बादल
(ग) हवा (घ) पौधे
उत्तर (ख)

प्रश्नः4 बादल धरती को खुश कैसे कर सकता है ?
(क) हवा से (ख) किरण से
(ग) वर्षा से (घ) छांव से
उत्तर (ग)

प्रश्नः5 ओझल शब्द का सही अर्थ क्या है ?
(क) जादू (ख) बादल
(ग) छिपना (घ) उछलना
उत्तर (ग)

प्रश्नः6 बादल पानी कहाँ से लाता है ?
(क) आसमान से (ख) पेडों से
(ग) समुद्र से (घ) नल से
उत्तर (ग)

प्रश्नः7 जैसे पृथ्वी को धरती कहते हैं, सूरज को भानू कह सकते हैं। तो 'नभ' किसको कह सकते हैं?
(क) बादल (ख) पृथ्वी
(ग) समुद्र (घ) आसमान
उत्तर (घ)

प्रश्नः8 बादल अपने झोले में से क्या देता है ?
(क) फल (ख) मिठाई
(ग) पैसे (घ) पानी की बूंदे
उत्तर (घ)

प्रश्नः9 'सरसाने वाला ' शब्द का सही अर्थ क्या है ?
(क) मन को खुश करने वाला
(ख) बरसाने वाला को
(ग) रस देने वाला
(घ) नृत्य करने वाला
उत्तर (क)

प्रश्नः10 पाठ 'जादूगर यह कौन' में जब बादल, धरती तक झुकता है वह कैसा लगता है ?
(क) जैसे मगरमच्छ हो
(ख) जैसे शेर दहाड़ता हो
(ग) जैसे पक्षी नाचता हो
(घ) जैसे हाथी सूंड झुकाता हो
उत्तर (घ)

प्रश्नः11 जैसे पाठ के अनुसार जैसे बादल अपने झोले से बूंदे टपकाता है, उसी प्रकार डाकिया अपने झोले से क्या निकालेगा?
(क) मिठाई (ख) खरगोश
(ग) कबूतर (घ) चिटठी-पत्र आदि
उत्तर (घ)

प्रश्नः12 नवाता शब्द का अर्थ क्या है ?
(क) झुकाता (ख) जादूगर
(ग) नया (घ) करतब
उत्तर (क)

प्रश्नः13 निम्न में से क्या सूरज का पर्यायवाची नही है ?
(क) रवि (ख) आकाश
(ग) भास्कर (घ) दिनकर
उत्तर (ख)

प्रश्नः14 बादल किस से बनता है ?
(क) वायु से (ख) गैसों के मिश्रण से
(ग) धूल मिटटी से (घ) पानी से
उत्तर (घ)

प्रश्नः15 'जादूगर यह कौन' कविता के रचयिता कौन है ?
(क) सोहन लाल द्विवेदी (ख) घमंडी लाल अग्रवाल
(ग) राजनारायण चौधरी (घ) सुरेखा शर्मा
उत्तर (ग)

प्रश्नः16 जादूगर क्या कार्य करता है ?
(क) तरह-तरह के खेल दिखाना
(ख) चिटठी-पत्र आदि बांटना
(ग) मरीजों का ईलाज करना
(घ) मिटटी के बरतन बनाना
उत्तर (क)

प्रश्नः17 कवि 'राजनारायण चौधरी' द्वारा कौन सी कविता लिखी गई है ?
(क) बारह मास (ख) गौरव गाथा
(ग) बांसुरी वाला (घ) जादूगर यह कौन?
उत्तर (घ)

प्रश्नः18 कविता में धरती को धरती को सरसाने वाला किसे कहा गया है ?
(क) सूरज (ख) बादल
(ग) धरती (घ) चन्द्रमा
उत्तर (ख)

प्रश्नः19 कविता में आए विभिन्न शब्दों में पृथ्वी का दूसरा नाम क्या दर्शाया गया है ?
(क) नभ (ख) धरती
(ग) पवन (घ) झोला
उत्तर (ख)

प्रश्नः20 कविता में काली खुली जटाओं वाला किसे कहा गया है?
(क) सूरज (ख) धरती
(ग) बादल (घ) नभ
उत्तर (ग)

प्रश्नः21 जैसे जादूगर शब्द 'जादू' और 'गर' शब्द से मिलकर बना है ऐसे ही जादू शब्द की जगह 'कारी' शब्द जोडा जाए तो नया शब्द क्या बनेगा ?
(क) कारीवाला (ख) कारीगर
(ग) कारीधर (घ) कारीवान
उत्तर (ख)

प्रश्नः22 बादल किस ऋतु में वर्षा करते हैं ?
(क) बसंत ऋतु (ख) ग्रीष्म ऋतु
(ग) वर्षा ऋतु (घ) शरद ऋतु
उत्तर (ग)

प्रश्नः23 आकाश शब्द का दूसरा नाम क्या है ?
(क) नभ (ख) पाताल
(ग) धरती (घ) पवन
उत्तर (क)

प्रश्नः24 कविता में ओझल कौन हो जाता है ?
(क) बादल (ख) चन्द्रमा
(ग) सूरज (घ) धरती
उत्तर (ग)

प्रश्नः25 जब-जब इसके दिल में आता,........... से बूंदे टपकाता, धरती को सरसाने वाला, जादूगर यह कौन ? इन पंक्तियों में आए खाली स्थान में सही शब्द क्या आएगा।
(क) बादल (ख) धरती
(ग) सूरज (घ) झोले
उत्तर (घ)

प्रश्नः26 कविता में पवन-पंख पर कौन उड़ता है ?
(क) वायु (ख) बादल
(ग) सूरज (घ) धरती
उत्तर (ख)

प्रश्नः27 बादल, दिन को रात कैसे बनाता है ?
(क) सूरज को ढककर (ख) धरती को ढककर
(ग) चांद को ढककर (घ) तारों का ढककर
उत्तर (क)

प्रश्नः28 कविता 'जादूगर यह कौन? में जादूगर शब्द कितनी बार आया है ?
(क) 4 बार (ख) 5 बार
(ग) 6 बार (घ) 7 बार
उत्तर (ग)

प्रश्नः29 काली खुली जटाओं वाला जादूगर कौन है। कविता में जादूगर की संज्ञा किसे दी गई है ?
(क) वर्षा को (ख) बादल को
(ग) सूरज को (घ) पेड़ को
उत्तर (ख)

प्रश्नः30 निम्न में से नभ का पर्यायवाची बताओ?
(क) बादल (ख) आग
(ग) आकाश (घ) तारे
उत्तर (ग)

प्रश्नः31 निम्नलिखित मे से अलग शब्द को छांटों।
(क) तालाब (ख) वर्षा
(ग) नदी (घ) आकाश
उत्तर (घ)


प्रश्नः32 कविता ''जादूगर यह कौन? में पवन पंख पर कौन उड़ता है?
(क) चील (ख) बादल
(ग) चिड़ियां (घ) घोड़ा
उत्तर (ख)

प्रश्नः33 छू-मंतर का अर्थ बतलाओ?
(क) भाग जाना (ख) पीठ दिखाना
(ग) गायब होना (घ) चले जाना
उत्तर (ग)

प्रश्नः34 कविता के अनुसार जादूगर कैसा प्रतीत होता है? चित्र

देखकर पहचान करो।

(क)  (ख) 

(ग)  (घ) 

उत्तर (क)

प्रश्नः35 कविता के अनुसार सूरज को ओझल करने वाला, दिन को रात बनाने वाला जादूगर कौन है?

(क) सूरज (ख) चांद
(ग) बादल (घ) हाथी

उत्तर (ग)

प्रश्नः36 कविता की पंक्तियां जैसे ''हाथी सूंड नवाता, सबका चित्त लुभाता में 'नवाता' शब्द का अर्थ क्या है?

(क) झुकना (ख) मुड़ना
(ग) रूकना (घ) लेट जाना

उत्तर (क)

प्रश्नः37 रिक्त स्थान की पूर्ति करें?

झोले से----------टपकाता है।

(क) बूंदे (ख) पानी
(ग) आंसूं (घ) फूल

उत्तर (क)

प्रश्नः38 हवा शब्द का प्रर्यायवाची शब्द छांटे?

(क) वायु (ख) जल
(ग) पृथ्वी (घ) नभ

उत्तर (क)

प्रश्नः39 निम्नलिखित मे से 'दिन' शब्द का विलोम शब्द बताओ।

(क) सवेरा (ख) रात
(ग) उदय (घ) पाताल

उत्तर (ख)

प्रश्नः40 बूंद शब्द का बहुवचन शब्द छाटों।

(क) बूंदें (ख) बूंदा
(ग) बूंदों (घ) बूंद

उत्तर (क)

प्रश्नः41 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द कविता में बार-2 प्रयोग में लाया गया है?

(क) सौदागर (ख) कारीगर
(ग) जादूगर (घ) बाजीगर

उत्तर (ग)

प्रश्नः42 सूर्य किस दिशा मे उदय होता है?

(क) पूर्व (ख) पश्चिम
(ग) उत्तर (घ) दक्षिण

उत्तर (क)

प्रश्नः43 जादू का खेल दिखाने वाले को निम्नलिखित में से क्या कह कर पुकारा जाता है?

(क) बाजीगर (ख) जादूगर
(ग) कारीगर (घ) सौदागर

उत्तर (ख)

# पाठ–2 ‘टपका’

प्रश्न1: पाठ ’टपका’में धनिया कौन है ।
(क) कुम्हार (ख) धोबी
(ग) दर्जी (घ) किसान
उत्तर (ख)

प्रश्न:2 पाठ ‘टपका’ में धनिया कहाँ रहता था ?
(क) गाँव में (ख) शहर में
(ग) बस्ती में (घ) जंगल में
उत्तर (ग)

प्रश्न:3 टपके का क्या अर्थ है ?
(क) हवा का झौंका (ख) पानी की बूंद
(ग) एक जानवर (घ) एक पक्षी
उत्तर (ख)

प्रश्न:4 ’गति बनाना’ शब्द का सही अर्थ क्या है ?
(क) गति बढाना (ख) दुर्दशा करना
(ग) दिशा बदलना (घ) तेज भगाना
उत्तर (ख)

प्रश्न:5 कुम्हार ने किस जानवर को अपना जानवर समझकर सवारी की ?
(क) बन्दर (ख) गधा
(ग) शेर (घ) हाथी
उत्तर (ग)

प्रश्न:6 धोबी की पत्नी को धोबिन कहते है तो कुम्हार की पत्नी को क्या कहेंगें ?
(क) कुम्हारी (ख) कुम्हारिन
(ग) कुम्हारनी (घ) कुम्हाराईन
उत्तर (ख)

प्रश्न:7 धोबी को टपके का डर था। उसे डर था कि....... ?
(क) उसके धुले कपडे खराब होंगे
(ख) उसके बरतन खराब होते
(ग) उसकी झोपड़ी खराब होती
(घ) उसके बिस्तर खराब होगें
उत्तर (क)

पश्न:8 पाठ (टपका) में आए शब्द ’बरखा’ का सही अर्थ इनमें से क्या होगा ?
(क) टपका
(ख) धनिया की पत्नी का नाम
(ग) वर्षा (बरसात)
(घ) कुम्हार की पत्नी का नाम
उत्तर (ग)

प्रश्न:9 शेर किससे डर के भाग रहा था ?
(क) बन्दर (ख) कुम्हार
(ग) धोबी (घ) टपका
उत्तर (घ)

प्रश्न:10 ’घटाटोप अंधेरा होना’ का सही अर्थ क्या है ?
(क) बादल होना (ख) बरसात होना
(ग) घनघोर अंधेरा (घ) बिजली चमकना
उत्तर (ग)

प्रश्न:11 ’हाथ को हाथ न सूझना’ का क्या अर्थ है ?
(क) ताली ना बजा पाना (ख) हाथ बंधे होना
(ग) घनघोर अंधेरा होना (घ) हाथ न दिखना
उत्तर (ग)

प्रश्न:12 शेर की सवारी किसने की ?
(क) बन्दर (ख) कुम्हार
(ग) धोबी (घ) टपका
उत्तर (ख)

प्रश्न:13 कुम्हार का गधा कैसा था ?
(क) मोटा (ख) तगड़ा
(ग) मरियल (घ) जवान
उत्तर (ग)

प्रश्न:14 ’बिजली की तरह दौड़ना’ का क्या अर्थ है ?
(क) उछल-उछलकर दौड़ना
(ख) रूक-रूककर चलना
(ग) बहुत तेज दौड़ना
(घ) बिजली की रोशनी में दौड़ना
उत्तर (ग)

प्रश्न:15 पाठ ’टपका’ में कुम्हार ने शेर से अपनी जान कैसे बचाई ?
(क) कूदकर
(ख) शेर को मारकर
(ग) बरगद की दाढ़ी पकड़कर
(घ) शोर मचाकर
उत्तर (ग)

प्रश्न:16 कुम्हार ने देखा कि वह गधे पर नहीं शेर पर बैठा है तो उसके ’होश उड़ गए’। इसमें ’होश उड गए’ का क्या अर्थ है ?
(क) बीमार हो जाना (ख) बाल उड गए
(ग) नीचे गिरना (घ) सुध-बुध खोना
उत्तर (घ)

प्रश्नः17 शेर की हालत देखकर बन्दर ने कहा-मामा ! मामा ! क्या बात है ? प्रश्न यह है कि जब शेर मामा था तो भानजा कौन था ।

(क) बिल्ली (ख) गधा

(ग) बन्दर (घ) टपका

उत्तर (ग)

प्रश्नः18 'नानी याद आना' का क्या अर्थ है ?

(क) बुरा बनना (ख) संकट में पडना

(ग) सिर दर्द होना (घ) चक्कर आना

उत्तर (ख)

प्रश्नः19 बरगद के वृक्ष के फल क्या कहलाते है ?

(क) बेर (ख) बरमट

(ग) परमल (घ) झुरमुट

उत्तर (ख)

प्रश्नः20 बन्दर की पूंछ को किसने पकड़ लिया था ?

(क) शेर ने (ख) धोबी ने

(ग) कुम्हार ने (घ) टपके ने

उत्तर (ग)

प्रश्नः21 पाठ 'टपका' में बन्दर ने टपका को क्या नाम दिया ?

(क) बरगद का भूत (ख) उडत्रन खटोला

(ग) भयंकर बला (घ) पूंछ उखाड़

उत्तर (घ)

प्रश्नः22 पाठ 'टपका' में शेर जंगल का राजा होते हुए भी किससे डरता है ?

(क) धोबी से (ख) टपका से

(ग) बन्दर से (घ) कुम्हार से

उत्तर (ख)

प्रश्नः23 पाठ 'टपका' में आए शब्द 'पिछवाड़ा' का क्या अर्थ है?

(क) बरामदा (ख) घर का आंगन

(ग) घर का पीछे का भाग (घ) घर के आगे

उत्तर (ग)

प्रश्नः24 शेर ने गहरी सांस ली। नीचे दिए शब्दों में से वह शब्द बताओ जिसके साथ 'गहरी' शब्द का प्रयोग हो सकता है ?

(क) दोस्ती (ख) पहाडी

(ग) हवा (घ) बारिश

उत्तर (क)

प्रश्नः25 कुम्हार बरगद की खोह में छिप गया था। इसमें 'खोह' शब्द का सही अर्थ क्या है।

(क) डाली (ख) दाढ़ी

(ग) पत्ते (घ) गुफा (कंदरा)

उत्तर (घ)

प्रश्नः26 टपका पाठ में 'धोबी' का क्या नाम था।

(क) बनिया (ख) धनिया

(ग) रानियां (घ) सुरेश

उत्तर (ख)

प्रश्नः27 'धोबी' निम्नलिखित में किस कार्य को करता है?

(क) कपड़े सीलना (ख) दूध बेचना

(ग) कपड़े धोना (घ) कपड़े बेचना

उत्तर (ग)

प्रश्नः28 'बड़े जोर की बरखा' हो रही है। वाक्य में बरखा होने का अर्थ स्पष्ट करें?

(क) बारिश होना (ख) पानी गिरना

(ग) पानी टपकना (घ) पानी बहना

उत्तर (क)

प्रश्नः29 पाठ में आए शब्द ''सरपट दौड़ना'' का अर्थ स्पष्ट करे?

(क) चलना (ख) तेज भागना

(ग) भागना (घ) दौड़ना

उत्तर (ख)

प्रश्नः30 रिक्त स्थान की पूर्ति करें?

शेर--------की ओर दौडा जा रहा था।

(क) नदी की ओर (ख) जंगल की ओर

(ग) बाहर की ओर (घ) गांव की ओर

उत्तर (ख)

प्रश्नः31 ये वाक्य किसने कहा ''इतना डर तो मुझे शेर का भी नहीं है, जितना कि टपके का है?

(क) धनिया ने (ख) समा ने

(ग) कुम्हार ने (घ) बन्दर ने

उत्तर (क)

प्रश्नः32 निम्नलिखित मे से ''घटाटोप'' शब्द का अर्थ बताओ?

(क) अत्यधिक गहरा (ख) अत्यधिक नीचे

(ग) गुमसुम (घ) अत्यधिक अन्धेरा

उत्तर (घ)

प्रश्नः33 पाठ में आए शब्दो के आधार पर चयन करके बताए कि ''किसकी दाढ़ी धरती पर लटक रही थी?

(क) कुम्हार (ख) शेर
(ग) धनिया (घ) बरगद
उत्तर (घ)

प्रश्नः34 निम्न वाक्य को पढकर पाठ के आधार पर उत्तर दें।
'' शेर जब डर से जंगल में भागता जा रहा था तो रास्ते मे उसे कौन मिला?
(क) भालू (ख) सांप
(ग) हाथी (घ) बन्दर
उत्तर (घ)

प्रश्नः35 ''टपका'' पाठ में बन्दर ने किसको ''मामा'' कहकर पुकारा है?
(क) शेर (ख) धनिया
(ग) कुम्हार (घ) चांद
उत्तर (क)

प्रश्नः36 निम्न वाक्य किसने किससे कहा है।
भानजे जब टपके के काबू में आएगा, तो तुझे क्या, तेरे पूरे कुनबे को पता चल जाएगा।
(क) धनिया ने कुम्हार से (ख) कुम्हार ने धनिया से
(ग) कुम्हार ने धोबी से (घ) शेर ने बन्दर से
उत्तर (घ)

प्रश्नः37 निम्नलिखित में से बताएं कि 'बरगद' क्या है।
(क) फल (ख) मिठाई
(ग) बीज (घ) वृक्ष
उत्तर (घ)

प्रश्नः38 निम्नलिखित में से ''मरियल'' शब्द का उपयुक्त अर्थ बताए।
(क) बहुत सुन्दर (ख) कुरूप
(ग) दिव्यांग (घ) बहुत कमजोर
उत्तर (घ)

प्रश्नः39 निम्नलिखित मे से ''आफत'' शब्द का अर्थ चुने।
(क) खुशी (ख) लालसा
(ग) मुसीबत (घ) उचाई
उत्तर (ग)

प्रश्नः40 मुख्य दिशाएं कितनी होती है?
(क) एक (ख) चार
(ग) पांच (घ) छः
उत्तर (ख)

प्रश्नः41 निम्नलिखित मे से ''मिट्टी'' का प्रर्यायवाची शब्द चुने।
(क) नृप (ख) मृदा
(ग) खांडवी (घ) पाताल
उत्तर (ख)

प्रश्नः42 निम्नलिखित में से 'कटा' शब्द की तुकबंदी बाला शब्द चुने।
(क) भला (ख) घटा
(ग) काटना (घ) मेला
उत्तर (ख)

प्रश्नः43 निम्नलिखित मे से ''ऐ'' की मात्रा वाला शब्द चुने।
(क) मैल (ख) लिखा
(ग) जुला (घ) दिया
उत्तर (क)

प्रश्नः44 निम्नलिखित में से सही शब्द का चुनाव करें।
(क) चाण्द (ख) हंस
(ग) बण्दर (घ) बास
उत्तर (ख)

प्रश्नः45 पाठ टपका के आधार पर निम्न में से कौन ''बरगद की खोह में जाकर छिप गया था?
(क) धनिया (ख) शेर
(ग) कुम्हार (घ) बन्दर
उत्तर (ख)

प्रश्नः46 शेर और बन्दर ''उत्तर'' की ओर भाग गए। इस वाक्य में उत्तर का अर्थ बताए।
(क) नीचे उतर आना (ख) एक दिशा
(ग) जवाब देना (घ) भूल जाना
उत्तर (ख)

# पाठ-3 ‘छोटी बातें, बड़े काम की’

प्रश्नः1 निम्नलिखित में से बुरा शब्द का विलोम शब्द छांटों।
(क) बुराई (ख) खुशी
(ग) अच्छा (घ) गन्दा
उत्तर (ग)

प्रश्नः2 रिक्त स्थान की पूर्ति करें। ----बड़े काम की हैं।
(क) मिट्टी के बर्तन (ख) छोटी बातें
(ग) बड़ी खुशी (घ) उपर्युक्त सभी
उत्तर (ख)

प्रश्नः3 -----बस में बैठकर यात्रा कर रहा था।
(क) वरूण (ख) तरूण
(ग) राधा (घ) आलोक
उत्तर (ख)

प्रश्नः4 वृद्ध शब्द का विपरीत शब्द चयन करें।
(क) सुन्दर (ख) बूढ़ा
(ग) जवान (घ) आदमी
उत्तर (ख)

प्रश्नः5 निम्न में से ‘‘व्यवहार व आचरण’’ से मिलकर जो बने उस शब्द का चयन करें। पाठ के आधार पर
(क) शिष्टाचार (ख) भ्रष्टाचार
(ग) आचार (घ) परोपकार
उत्तर (क)

प्रश्नः6 पाठ छोटी बातें, बडे काम के आधार पर बताएं ‘किसने बरतन साफ करके नल खुला छोड़ दिया?
(क) वरूण ने (ख) रमेश ने
(ग) अजीत ने (घ) दादा जी ने
उत्तर (ख)

प्रश्नः7 निम्नलिखित में से ‘स्वच्छता‘ शब्द के अर्थ का चुनाव करें।
(क) गंदगी (ख) देखरेख
(ग) साफ-सफाई (घ) सुन्दरता
उत्तर (ग)

प्रश्नः8 निम्न में से ‘अभिवादन’ शब्द के अर्थ का चुनाव करें।
(क) प्रणाम (ख) झुकना
(ग) मुडना (घ) हाथ हिलाना
उत्तर (क)

प्रश्नः9 निम्नलिखित के उत्तर दें।
(क) क्या ये बात सही है कि बिजली कोयले के द्वारा भी बनाई जाती है।
(1) हाँ (2) नहीं
उत्तर (1)

प्रश्नः10 निम्नलिखित में से ‘पानी‘ शब्द के प्रर्यायवाची शब्द का चयन करे।
(क) खीर (ख) नीर
(ग) तालाब (घ) कुआँ
उत्तर (ख)

प्रश्नः11 क्या ये कथन सत्य है कि हमें कूड़ा कूड़ेदान में ही डालना चाहिए?
(1) हाँ (2) नहीं
उत्तर (1)

प्रश्नः12 ‘मोबाइल’ शब्द के सही अर्थ का चुनाव करें।
(क) ध्वनि यंत्र (ख) पोशक तत्व
(ग) युटयूब (घ) बटुआ
उत्तर (क)

प्रश्नः13 दूसरों पर ‘उपकार’ करने वाला कहलाता है।
(क) धर्माधिकारी (ख) जनता सेवक
(ग) परोपकारी (घ) आज्ञाकारी
उत्तर (ग)

प्रश्नः14 अगर हम ‘दिन‘ शब्द में इक प्रत्यय जोड़ दें तो हमें कौन सा नया शब्द प्राप्त होगा?
(क) वार्षिक (ख) दैनिक
(ग) इकमात्र (घ) रोजाना
उत्तर (ख)

प्रश्नः15 सदा सच बोलने वाला कहलाता है।
(क) आशावादी (ख) सत्यवादी
(ग) ईमानदार (घ) सहपाठी
उत्तर (ख)

प्रश्नः16 समाज व इक से बनने वाले शब्द का चुनाव करे।
(क) समाजवादी (ख) सामाजिक
(ग) समानता (घ) समाज
उत्तर (ख)

प्रश्नः17 निम्न मे से अलग शब्द का चयन करे।
(क) अध्यापक (ख) विद्यार्थी
(ग) कुर्सी (घ) अस्पताल
उत्तर (घ)

प्रश्न18: आचरण शब्द का क्या अर्थ है?
(क) लापरवाही (ख) व्यवहार
(ग) कर्तव्य (घ) संस्कार
उत्तर (ख)

प्रश्नः19 अध्यापक के कक्षा में आने पर आप किस प्रकार उनका अभिवादन करते हैं ?
(क) बैठे-बैठे हाथ जोड़कर
(ख) खडे होकर और हाथ जोड़कर
(ग) चुपचाप बैठकर
(घ) चरणों में झुककर
उत्तर (ख)

प्रश्नः20 हम बिजली कैसे बचा सकते हैं ?
(क) बिजली चोरी करके
(ख) पंखे और बत्तियाँ बन्द करके
(ग) बिजली का दुरूपयोग करके
(घ) अधिक बिल भरके
उत्तर (ख)

प्रश्नः21 आवश्यकता न होने पर बत्तियां और नल बन्द करना, कूड़े को सही स्थान पर डालना आदि ऐसी आदतें हैं जिन पर आप ध्यान देते है, तो आप किसका भला कर रहे होते हैं ?
(क) पड़ोसी का (ख) सिर्फ अपना
(ग) किसी का भी नहीं (घ) अपना व समाज का
उत्तर (घ)

प्रश्नः22 अभिवादन शब्द का एक अर्थ है-प्रणाम। दूसरा अर्थ इनमें से कौन सा है ?
(क) मुसीबत (ख) उम्मीद
(ग) नमस्कार (घ) व्यवहार
उत्तर (ग)

प्रश्नः23 हम समय का पालन कैसे कर सकते हैं ?
(क) घड़ी को पास रखकर
(ख) घडी के सामने बैठकर
(ग) समय पर पहुंचकर या काम करके
(घ) घड़ी दिखाकर
उत्तर (ग)

प्रश्नः24 'दुरूपयोग' शब्द का सही अर्थ क्या है ?
(क) गलत इस्तेमाल
(ख) काम में न आना
(ग) पानी को बहने से रोकना
(घ) अच्छा काम
उत्तर (क)

प्रश्नः25 प्रदेश में बिजली संकट पैदा होने का कारण क्या नही है ?
(क) बिजली चोरी
(ख) बिजली के उपकरण खुले छोड़ देना
(ग) बिजली का दुरूपयोग
(घ) आवश्यकता न होने पर बतियां बंद कर देना
उत्तर (घ)

प्रश्नः26 'शिष्ट' और अशिष्ट एक दूसरे का उल्टा अर्थ देते है? इस तरह स्वच्छ शब्द का उल्टा अर्थ होगां ?
(क) स्वच्छता (ख) स्वस्थ
(ग) अस्वस्थ (घ) अस्वच्छ
उत्तर (घ)

प्रश्नः27 'शिष्टाचार' का पालन करने वाले को 'शिष्टाचारी' कहते है, तो 'ईमानदारी' से काम करने वाले को कहेगें .............?
(क) सच्चाई (ख) ईमानदार
(ग) सत्यवादी (घ) सहपाठी
उत्तर (ख)

प्रश्नः28 नागरिक शब्द 'नगर' के साथ 'इक' लगाने से बना है इसी प्रकार 'दिन' में 'इक' जोडकर (दिऩइक) नया शब्द होगा................ ?
(क) दिनिक (ख) दैनिक
(ग) दिनेक (घ) दानिक
उत्तर (ख)

प्रश्नः29 सदा सच बोलने वाले को सत्यवादी कहते है। तो झूठ बोलने वाले को क्या कहेगें?
(क) झूठवादी (ख) झूठन
(ग) झूठा (घ) झूटवादी
उत्तर (ग)

प्रश्नः30 अधिक बोलने वाले को बातूनी कहते हैं। इसी प्रकार कम बोलने वाले को क्या कहेगें ?
(क) अल्पवादी (ख) मिथ्यावादी
(ग) अल्पबातूनी (घ) मितभाषी
उत्तर (घ)

प्रश्नः31 जिस प्रकार विद्यालय में अध्यापक, विद्यार्थी, चॉक, मेज, कुर्सी आदि का सम्बन्ध होता है। इसी प्रकार अस्पताल में निम्न में से किसका सम्बन्ध नही है ?
(क) टीका (ख) मरीज
(ग) दवाई (घ) पर्स

उत्तर (घ)

प्रश्नः32 इनमें से किसका संबंध रेलवे स्टेशन से नहीं है ?

(क) रेल टिकट (ख) टी.टी.ई.

(ग) ट्रेन (घ) एयरपोर्ट

उत्तर (घ)

# पाठ-4 'बारह मास'

प्रश्न1: फाग किस महीने में खेला जाता है?
(क) चैत (ख) फाल्गुन
(ग) सावन (घ) कार्तिक
उत्तर (ख)

प्रश्नः2 बसन्त का मौसम किस महीने में आता है ?
(क) बैसाख (ख) सावन
(ग) जेठ (घ) भादों
उत्तर (क)

प्रश्नः3 फलों का राजा आम किस महीने में आता है ?
(क) सावर (ख) भादों
(ग) जेठ (घ) चैत
उत्तर (ग)

प्रश्नः4 किस महीने में पेडों पर झूले डाले जाते हैं ?
(क) जेठ (ख) सावन
(ग) भादों (घ) चैत
उत्तर (ख)

प्रश्नः5 नदी और तालाब किस महीने में पानी से भर जाते हैं ?
(क) भादों (ख) चैत
(ग) सावन (घ) जेठ
उत्तर (क)

प्रश्नः6 दीपावली का त्योहार हम किस माह/महीने में मनाते हैं?
(क) जेठ (ख) भादों
(ग) कार्तिक (घ) सावन
उत्तर (ग)

प्रश्नः7 निम्न में से किस माह में गरम कपड़े पहनने शुरू करते हैं ?
(क) आषाढ (ख) भादों
(ग) सावन (घ) पूस (पौष)
उत्तर (घ)

प्रश्नः8 निम्न में खाली स्थान में सही शब्द का चयन करें ?
कार्तिक दीवाली चमकाता,.............................. आग तपाता आता।
(क) दशहरा (ख) माहवट
(ग) बसंत (घ) ज्येष्ठ (मार्गशीर्ष)
उत्तर (घ)

प्रश्नः9 कविता में आए शब्द 'कुवार' किस महीने का एक नाम है ?
(क) सावन (ख) आषाढ
(ग) कार्तिक (घ) आश्विन
उत्तर (घ)

प्रश्नः10 कविता के अनुसार इस पाठ में कितने महिनों के नाम दर्शाए गए है ?
(क) 8 (ख) 10
(ग) 12 (घ) 11
उत्तर (ग)

प्रश्नः11 'फागुन फाग खिलाता आता' में फाग किस त्यौहार को दर्शाता है ?
(क) दीवाली (ख) होली
(ग) तीज (घ) दशहरा
उत्तर (ख)

प्रश्नः12 'माह माहवट है बरसाता' मं माहवट का क्या अर्थ है ?
(क) होली का उत्सव (ख) चारों और फैलाना
(ग) माघ मास की वर्षा (घ) आश्विन मास
उत्तर (ग)

प्रश्नः13 'अगहन' कौन से महीने का एक नाम है ?
(क) आषाढ (ख) मार्गशीर्ष
(ग) आश्विन (घ) कार्तिक
उत्तर (ख)

प्रश्नः14 निम्न में किस का सम्बन्ध होली से नहीं है ?
(क) पिचकारी (ख) पटाखे
(ग) होली दहन (घ) रंग
उत्तर (ख)

प्रश्नः15 दीपावली पर निम्न में से किसका प्रयोग नहीं होता ?
(क) दीये (ख) रंगोली
(ग) पिचकारी (घ) खील-पतासे
उत्तर (ग)

प्रश्नः16 बाल दिवस अंग्रेजी महिने की किस तिथि को आता है?
(क) 15 अगस्त (ख) 14 दिसम्बर
(ग) 5 सितम्बर (घ) 14 नवम्बर
उत्तर (घ)

प्रश्नः17 26 जनवरी को कौन सा दिवस मनाया जाता है ?
(क) स्वतन्त्रता दिवस (ख) गांधी जंयती
(ग) गणतन्त्र दिवस (घ) अध्यापक दिवस
उत्तर (ग)

प्रश्नः18 जैसे बच्चों के लिए 'बाल दिवस' मनाया जाता है। ऐसे ही अध्यापक के लिए भी एक दिवस मनाया जाता है, जिसे अध्यापक दिवस कहते है। प्रश्न यह है कि अध्यापक दिवस कब मनाया जाता है ?

(क) 26 जनवरी (ख) 14 नवम्बर
(ग) 8 मार्च (घ) 5 सितम्बर
उत्तर (घ)

प्रश्नः19 हम 2 अक्टूबर को गांधी जयन्ती मनाते हैं। बस आपको बताना यह है कि गांधी जयन्ती किस उपलक्ष्य में मनाई जाती है ?
(क) गाँधी जी के मरण दिवस पर
(ख) गाँधी जी के जन्मोत्सव पर
(ग) गाँधी जी के आन्दोलन शुरू करने पर
(घ) गाँधी जी के जेल जाने पर
उत्तर (ख)

प्रश्नः20 कविता में बारह देशी महीनों के नाम आए हैं। इनमें कितने महिने ऐसे है जो 'आ' से शुरू होते है ?
(क) 3 (ख) 2
(ग) 4 (घ) 1
उत्तर (ख)

प्रश्नः21 कविता 'बारह मास' में ऐसे कितने माह है जिने नाम का पहला अक्षर 'म' है ?
(क) 2 (ख) 3
(ग) 4 (घ) 5
उत्तर (क)

प्रश्नः22 आम का 'पना' (शरबत) किस महिने में पीते है ?
(क) सावन (ख) जेठ
(ग) चैत (घ) फाल्गुन
उत्तर (ख)

प्रश्नः23 'बारह मास' नामक कविता के कवि कौन है ?
(क) राजनारायण चौधरी (ख) घमंडीलाल अग्रवाल
(ग) सोहनलाल द्विवेदी (घ) श्यामलाल पार्षद
उत्तर (ग)

प्रश्नः24 जिस प्रकार पटाखों का संबंध दीवाली से है। उसी प्रकार 'झूले' का संबंध किस से है ?
(क) दशहरा (ख) होली
(ग) फागुन (घ) सावन
उत्तर (घ)

प्रश्नः25 क्या आपने आम का 'पना' पीया है। बताइये उसका स्वाद कैसा होता है?
(क) मीठा (ख) तीखा
(ग) खटटा (घ) कड़वा
उत्तर (ग)

प्रश्नः26 जिस प्रकार होली का संबंध 'रंगों' से है। उसी प्रकार 'दशहरा' का संबंध निम्न में से किस से है। ?
(क) झूलों से (ख) राखी (राखी बांधना)
(ग) पुतला दहन (घ) पतंग बाजी
उत्तर (ग)

प्रश्नः27 'बारह मास' नामक कविता में 12 देशी महीनों के नाम बताए गए है। इन में एक ऐसा महिना भी है जिसका पहला और अन्तिम वर्ण एक ही है। उस महिने का नाम बताओ ?
(क) आश्विन (ख) मार्गर्शीष
(ग) आषाढ (घ) कार्तिक
उत्तर (घ)

प्रश्नः28 कविता में 'पूस गरम कपडे पहनाता' में पूस निम्न में से किस महिने को दर्शाता है?
(क) फाल्गुन (ख) आश्विन
(ग) पौष (घ) माघ
उत्तर (ग)

प्रश्नः29 चैत चांदनी को छिटकाता में छिटकाता का क्या अर्थ है?
(क) छटपटाना (ख) छिलका हटाना
(ग) छिनना (घ) चारों और फैलाना
उत्तर (घ)

प्रश्नः30 'फाल्गुन फाग खिलाता आता' में फाग किस त्योहार को दर्शाता है ?
(क) दीवाली (ख) होली
(ग) दशहरा (घ) तीज
उत्तर (ख)

# पाठ-5 'गुब्बारे पर चीता'

प्रश्न1: गुब्बारे पर चीता कहा से आया था?
(क) जंगल से (ख) सरकस से
(ग) पहाडी से (घ) चिडियाघर से
उत्तर (ख)

प्रश्नः2 सरकस का क्या नाम था ?
(क) रायल सरकस (ख) एशियन सरकस
(ग) अपोलो सरकस (घ) बंबई सरकस
उत्तर (घ)

प्रश्नः3 दीवार पर सरकस का जो 'इश्तिहार' लगाया था उसमें इश्तिहार का क्या अर्थ ............ है ?
(क) इम्तिहान (ख) इक माला का हार
(ग) इंतजार (घ) विज्ञापन
उत्तर (घ)

प्रश्नः4 सरकस पार्टी कहां आई हुई थी ?
(क) मेला ग्रांउड में
(ख) स्कूल के पास एक मैदान में
(ग) स्कूल के अन्दर ग्रांउड में
(घ) मंदिर के पास एक मैदान में
उत्तर (ख)

प्रश्नः5 जहाँ सरकस पार्टी आई हुई थी तो लड़को को वहाँ जाने से किसने रोका ?
(क) माता-पिता ने (ख) अध्यापक ने
(ग) हैडमास्टर ने (घ) दूसरे लड़कों ने
उत्तर (ग)

प्रश्नः6 बलदेव पीछे बैठा हुआ अपनी कॉपी पर किसकी तस्वीर बना रहा था ?
(क) चीता की (ख) हाथी की
(ग) शेर की (घ) वनमानुष की
उत्तर (ग)

प्रश्नः7 जब सरकस आया तो पहला तमाशा उसी रात को शुरू होने वाला था। उसी दिन कौन सा वार अर्थात दिन था ?
(क) शनिवार (ख) इतवार/रविवार
(ग) बृहस्पतिवार (घ) शुक्रवार
उत्तर (घ)

प्रश्नः8 बलदेव सरकस देखने किसकी मर्जी से आया था ?
(क) लडको की (ख) हैडमास्टर की
(ग) भागकर (घ) माता-पिता की
उत्तर (ग)

प्रश्नः9 बलदेव जब सरकस देखने गया तो उस दिन कौन सा दिन था ?
(क) शुक्रवार (ख) शनिवार
(ग) इतवार/रविवार (घ) सोमवार
उत्तर (ख)

प्रश्नः10 बलदेव के अनुसार सरकस में कौन सा जानवर अन्य जानवरों से जानदार था ?
(क) शेर (ख) चीता
(ग) भालू (घ) कुत्ता
उत्तर (ख)

प्रश्नः11 सरकस के किस जानवर की एक टांग नही थी अर्थात कम थी यानि वह तीन टागों से चल रहा था ?
(क) शेर (ख) भालू
(ग) कुत्ता (घ) चीता
उत्तर (ग)

प्रश्नः12 पैर कटा कुता मतलब उसका एक पैर कटा हुआ था। इसी प्रकार दुमकटे कुते का क्या मतलब है ?
(क) दो मुंह का कुत्ता
(ख) दोनो कान कटा हुआ कुत्ता
(ग) पूंछ कटा हुआ कुत्ता
(घ) नाक कटा हुआ कुत्ता
उत्तर (ग)

प्रश्नः13 सरकस देखने के लिए एक टिकट कितने रूपये की मिल रही थी ?
(क) 5 रूपये (ख) 10 रूपये
(ग) 20 रूपये (घ) 50 रूपये
उत्तर (ख)

प्रश्नः14 गुब्बारे वाला गुब्बारे से आसमान की सैर कितने रूपये में करवा रहा था ?
(क) 10 रूपये (ख) 5 रूपये
(ग) 4 रूपये (घ) 2 रूपये
उत्तर (ग)

प्रश्नः15 बलदेव अचानक शोर सुनकर चौंक पडा। उसने पीछे फिरकर देखा तो मारे डर के उसका दिल कांप उठा। उसके पीछे कौन आ रहा था ?
(क) शेर (ख) चीता
(ग) भालू (घ) हाथी
उत्तर (ख)

प्रश्नः16 बलदेव के साथ गुब्बारे पर कौन चढ़ा था ?

(क) उसका दोस्त मोहन (ख) गुब्बारे वाला

(ग) चीता (घ) तीन टांग का कुत्ता

उत्तर (ग)

प्रश्नः17 गुब्बारे पर चढ़े हुए में से कौन पहले नीचे आया ?

(क) बलदेव (ख) चीता

(ग) गुब्बारा (घ) गुब्बारे वाला

उत्तर (ख)

प्रश्नः18 गुब्बारा नीचे कैसे आया ?

(क) गुब्बारा फूट गया

(ख) बलदेव ने गुब्बारे का मुँह खोल दिया

(ग) रस्सी के सहारे

(घ) हवा बंद हो गई थी।

उत्तर (ख)

प्रश्नः19 बलदेव जिस गुब्बारे से उतरा था तो वह कहां उतरा?

(क) सरकस में (ख) स्कूल के ग्रांउड में

(ग) दरिया में (घ) घंटा घर पर

उत्तर (ग)

प्रश्नः20 पाठ 'गुब्बारे पर चीता' में आए शब्द 'अलबता ' का क्या अर्थ है ?

(क) बेकार में (ख) मधुमक्खियों का छत्ता

(ग) बेशक (घ) आदेश

उत्तर (ग)

प्रश्नः21 पाठ में आए शब्द 'नाहक' का क्या अर्थ है ?

(क) विज्ञापन (ख) शेर

(ग) बेकार में (घ) बड़ी नाक वाला

उत्तर (ग)

प्रश्नः22 'बेतहाशां शब्द का अर्थ इनमें से क्या होगा ?

(क) बेशक

(ख) बेईमान

(ग) बिना इधर-उधर देखे तेजी से

(घ) बताशा

उत्तर (ग)

प्रश्नः23 चीता चाहता तो बड़ी आसानी से बलदेव को चट कर जाता मगर उसने ऐसा नहीं किया क्योंकि...........?

(क) चीता बीमार था

(ख) चीता डरा हुआ था

(ग) चीते के दांत तोड़ रखे थे

(घ) चीते को आदमी का मांस पसन्द नही था

उत्तर (ख)

प्रश्नः24 गुब्बारा उपर कैसे उड़ रहा था ?

(क) गुब्बार में गैस थी

(ख) गुब्बारा के पंख थे

(ग) गुब्बारे में मशीन लगी थी

(घ) गुब्बारा एक पक्षी था

उत्तर (क)

प्रश्नः25 'गुब्बारे पर चीता' पाठ में सरकस का एक दृश्य है। सरकस के बहुत से जानवरों के नाम पाठ में आए है। निम्न में से किस जानवर का नाम नही आया?

(क) तोता (ख) वनमानुष

(ग) बकरी (घ) घोड़ा

उत्तर (घ)

प्रश्नः26 'हाथ-पांव फूल जाना' मुहावरे का क्या अर्थ होगा ?

(क) हाथ-पांव सुन्न हो गए

(ख) हाथ-पांव मोटे हो गए

(ग) घबरा जाना

(घ) ताकत आना

उत्तर (ग)

प्रश्नः27 'लोग चिल्ला-चिल्लाकर बलदेव को बचने के उपाय बता रहे थे। मगर बलदेव के तो होश उडे हुए थे। इसमें होश उड़ने का क्या अर्थ होगा ?

(क) बेहोश होना (ख) बहुत डर जाना

(ग) गुब्बारे उडना (घ) भूख लगना

उत्तर (ख)

प्रश्नः28 जैसे किसी ने इसका खून चूस लिया हो। इस पंक्ति में किसका खून चूस लेने की बात कही गई है ?

(क) शेर की (ख) चीते की

(ग) बाघ की (घ) कुत्ते की

उत्तर (ग)

# पाठ-6 'पानी तेरी अजब कहानी'

प्रश्नः1 पानी तेरी अजब कहानी कविता के कवि कौन हैं ?
(क) सुरेखा शर्मा ख) घंमडी लाल अग्रवाल
(ग) राजनारायण कौशिक (घ) सोहन लाल द्विवेदी
उत्तर (घ)

प्रश्नः2 इनमें से पानी का इस्तेमाल किस में नहीं होता है?
(क) भोजन पकाने में
(ख) साफ-सफाई में (शरीर)
(ग) सिंचाई में
(घ) पवन चक्की में
उत्तर (घ)

प्रश्नः3 इनमें से किस का अर्थ पानी से नहीं है ?
(क) जल (ख) वारि
(ग) कूप (घ) नीर
उत्तर (ग)

प्रश्नः4 'होना पड़े ना पानी-पानी' पंक्ति में पानी-पानी' मुहावरे का प्रयोग किया गया है। जिसका अर्थ निम्न में से क्या होगा?
(क) सभी जगह पानी भरना
(ख) बर्फ पिघलना
(ग) बारिश होना
(घ) शर्मिंदा होना
उत्तर (घ)

प्रश्नः5 'कूपों और नलों में पानी' पंक्ति में कूपों का अर्थ इनमें से क्या होगा ?
(क) कछुआ (ख) कुआँ
(ग) समुद्र (घ) कप और प्लेट
उत्तर (ख)

प्रश्नः6 'पानी तेरी अजब कहानी' पाठ के शीर्षक में 'अजब' शब्द का क्या अर्थ है ?
(क) अनोखी (ख) अन्दर
(ग) सुन्दर (घ) अच्छी
उत्तर (क)

प्रश्नः7 इनमें से किसमें पानी का आवश्यकता पड़ती है ?
(क) साइकिल चलाने में
(ख) मोटर साइकिल चलाने में
(ग) रिक्शा चलाने में
(घ) नाव चलाने में
उत्तर (घ)

प्रश्नः8 पीने योग्य पानी को क्या कहा जाता है?
(क) बारिश का जल (ख) पेयजल
(ग) नदी का जल (घ) भूजल
उत्तर (ख)

प्रश्नः9 इनमें से किस काम में पानी का प्रयोग नहीं हो रहा है?
(क) कुम्हार मटके/घड़े बना रहा है
(ख) धोबी कपड़े धो रहा है
(ग) माली पौधों को सींच रहा है
(घ) बढ़ई दरवाजे बना रहा है
उत्तर (घ)

प्रश्नः10 निम्न में से पानी का एक अर्थ/एक नाम यह भी होता है ?
(क) समीर (ख) जलज
(ग) अम्बु (घ) सिंधु
उत्तर (ग)

# पाठ-7 ‘पोंगल’

प्रश्नः1 किसान बहुत परिश्रम करता है। वह प्रकृति के साथ ही हँसता-रोता है, नाचता गाता है। एक समय ऐसा आता है जब उसके पाँव थिरक उठते हैं। वह समय कौन-सा है ?

(क) जब उसके घर बच्चा जन्म लेता है
(ख) जब उसके खेत-खलियान अनाज से भर जाते हैं
(ग) जब उसकी शादी होती है
(घ) जब फसल में पानी देता है

उत्तर (ख)

प्रश्नः2 पोंगल किस राज्य का प्रमुख त्योहार है ?

(क) राजस्थान (ख) उत्तरप्रदेश
(ग) तमिलनाडु (घ) केरल

उत्तर (ग)

प्रश्नः3 पोंगल का त्योहार किस दिन मनाया जाता है ?

(क) होली के दिन (ख) दीपावली के दिन
(ग) मकर-संक्राति के दिन (घ) रक्षा बन्धन के दिन

उत्तर (ग)

प्रश्नः4 संक्राति के दिन ’पोंगल’ के रूप में नए चावल का मीठा भात बनाकर किसको अर्पित किया जाता है ?

(क) माता काली को (ख) चाँद को
(ग) भगवान शिव को
(घ) सूर्य को

उत्तर (घ)

प्रश्नः5 ’पोंगल’ किसे कहते हैं ?

(क) मीठे भात को (ख) एक पक्षी को
(ग) एक मंदिर को (घ) एक देवता को

उत्तर (क)

प्रश्नः6 ’पोंगल’ का त्योहार कितने दिनों तक चलता है ?

(क) 2 दिन (ख) 3 दिन
(ग) 4 दिन (घ) 5 दिन

उत्तर (ग)

प्रश्नः7 पोंगल के पहले दिन लोग जो त्योहार मनाते हैं उसे किस नाम से जाना जाता है ?

(क) गोभी (ख) भोगी
(ग) नोबी (घ) बॉबी

उत्तर (ख)

प्रश्नः8 पोंगल के दूसरे दिन घर-आँगन को निम्न में से किससे सजाया जाता है?

(क) फूलों से (ख) नए बर्तनों से
(ग) रंगोली से (घ) लड़ियों व दीपों से

उत्तर (ग)

प्रश्नः9 पोंगल के दूसरे दिन आँगन में अँगीठी जलाकर कैसे बर्तन में पोंगल पकाया जाता है ?

(क) बड़े बर्तन में (ख) मिट्टी के बर्तन में
(ग) छोटे बर्तन में (घ) नए बर्तन में

उत्तर (घ)

प्रश्नः10 पोंगल के तीसरे दिन जो त्योहार मनाया जाता है उसे निम्न में से किस नाम से जाना जाता है ?

(क) नया पोंगल (ख) पोंगल-पोंगल
(ग) माट्टू पोंगल (घ) काणुम पोंगल

उत्तर (ग)

प्रश्नः11 पोंगल के तीसरे दिन किसको नहला-धुलाकर रंगीन कपड़ों से सजाकर फूल-मालाएँ पहनाई जाती हैं ?

(क) बैलगाड़ी को (ख) गाय-बैलों को
(ग) भगवान को (घ) औजारों को

उत्तर (ख)

प्रश्नः12 पोंगल के तीसरे दिन निम्न में से किसको दौड़ाया जाता है ?

(क) गायों को (ख) बैलों को
(ग) घोड़ों को (घ) ऊटों को

उत्तर (ख) बैलों को

प्रश्नः13 पोंगल के चौथे और अन्तिम दिन मनाये जाने वाले त्योहार को इनमें से क्या कहा जाता है ?

(क) माट्टू पोंगल (ख) काणुम पोंगल
(ग) पोंगल-पोंगल (घ) चौथा पोंगल

उत्तर (ख) काणुम पोंगल

प्रश्नः14 ’पोंगल’ का त्योहार निम्न में से किस से संबंधित है ?

(क) खेती से (ख) पूजा-पाठ से
(ग) नए कारखाने से (घ) पतझड़ से

उत्तर (क) खेती से

प्रश्नः15 उत्तर भारत में पोंगल को किस रूप में मनाया जाता है?

(क) संक्रांति (ख) होली
(ग) दीपावली (घ) तीज

उत्तर (क) संक्रांति

प्रश्नः16 उत्तर भारत में मकर - संक्रांति के अवसर पर वहां के लोग इनमें से मुख्य रूप से क्या बनाकर खाते-खिलाते

हैं ?
(क) पोंगल
(ख) मूँग-चावल की खिचड़ी
(ग) मिठाई
(घ) गुलगुले
उत्तर (ख) मूँग-चावल की खिचड़ी

प्रश्नः17 एक समय ऐसा आता है जब खेत-खलिहान अनाज से भर जाते हैं तब 'उसके पाँव थिरक उठते है'। इसमें थिरक उठने का क्या अभिप्राय है ?
(क) नाचना (ख) खुजली होना
(ग) पाँव दर्द करना (घ) पाँव में छाले होना
उत्तर (क) नाचना

प्रश्नः18 यह फसलों से जुड़ा एक कार्य है, जिसमें फसल के आसपास उग आए घास-फूस को हटाना होता है। निम्न में से उसे क्या कहते हैं ?
(क) बुआई (ख) सिंचाई
(ग) निराई (घ) सफाई
उत्तर (ग) निराई

प्रश्नः19 यह भी फसलों से जुड़ा एक कार्य होता है, जिसमें पौधों या फसलों को पानी दिया जाता। निम्न में से क्या कहलाता है ?
(क) बुआई (ख) सिंचाई
(ग) निराई (घ) गुडाई
उत्तर (ख) सिंचाई

प्रश्नः20 फसलों के कार्यों में से एक कार्य यह भी है, जिसमें धरती में बीज बोया जाता है। इनमें से पहचानिये उसे क्या कहते हैं ?
(क) निराई करना (ख) बुआई करना
(ग) सिंचाई करना (घ) गुड़ाई करना
उत्तर (ख) बुआई करना

प्रश्नः21 'गुनगुनाना' शब्द का सही अर्थ निम्न में से क्या होना चाहिए-
(क) गुन गुन करना (ख) भिनभिनाना
(ग) थिरकना (घ) धीमी आवाज में गाना
उत्तर (घ) धीमी आवाज में गाना

प्रश्नः22 फूल शब्द के दो अर्थ है जैसे फूल-पुष्प व फूलना। इसी प्रकार उत्तर शब्द के दो अर्थ निम्न में से कौन-से हैं ?
(क) उत्तर-दक्षिण (ख) जवाब-दिशा
(ग) उतरना-चढ़ना (घ) उत्तर-प्रश्न
उत्तर (ख) जवाब-दिशा

प्रश्नः23 'कुल' शब्द के युग्म अर्थ निम्न में से कौन सा सही है?
(क) कुल-ठण्डा (ख) थोड़ा-सारा
(ग) कूल-प्रतिकूल (घ) योग-किनारा
उत्तर (घ) योग-किनारा

प्रश्नः24 'कनक' शब्द का एक अर्थ है धतुरा तो दूसरा अर्थ निम्न से क्या होगा ?
(क) पीतल (ख) चाँदी
(ग) ताँबा (घ) सोना
उत्तर (घ) सोना

प्रश्नः25 पोंगल में गन्ने के रस में नई फसल का चावल पकाया जाता है। निम्न में से क्या गन्ने से प्राप्त नहीं होता है ?
(क) चीनी (ख) गुड़
(ग) शक्कर/खांड (घ) शहद
उत्तर (घ) शहद

प्रश्नः26 'पोंगल' नई फसल का त्योहार है। निम्न में से वह नई फसल क्या है ?
(क) मक्का (ख) ज्वार
(ग) गेहूँ (घ) धान
उत्तर (घ) धान

प्रश्नः27 जब फसल पक जाती है तो फसल का रंग इनमें से कैसा होता है ?
(क) हरा (ख) पीला
(ग) सुनहरा (घ) केसरिया
उत्तर (ग) सुनहरा

प्रश्नः28 बुआई, सिंचाई, निराई आदि का कार्य निम्न में से किस से संबंधित है ?
(क) व्यापार (ख) खेती-बाडी
(ग) अस्पताल (घ) पूजा-पाठ
उत्तर (ख) खेती-बाड़ी

# पाठ-8 ‘गौरव गाथा’

प्रश्नः1 ‘गौरवगाथा’ नामक कविता के कवि इनमें से कौन है ?
(क) सुरेखा शर्मा (ख) घमंडी लाल अग्रवाल
(ग) डॉ0 हरिश्चंद्र वर्मा (घ) राजनारायण चौधरी
उत्तर (ग)

प्रश्नः2 हमें आजादी निम्न में से किस के बल पर मिली ?
(क) सिपाहियों (ख) बन्दूकों
(ग) वीरों (घ) कायरों
उत्तर (ग)

प्रश्नः3 ‘देखो ये हैं खड़े ‘तिलक’ जी साहस की चट्टान से’, में तिलक जी कौन है ?
(क) महात्मा गाँधी (ख) दादा भाई नारौजी
(ग) लाजपत राय (घ) बाल गंगाधर
उत्तर (घ)

प्रश्नः4 ‘वीर लाजपतराय खड़े, जो लड़ सकते तूफान से’, इनमें से लाजपतरय का पूरा नाम क्या है ?
(क) बाला लाजपत राय (ख) रॉय लाजपत राय
(ग) मौलाना लाजपत राय (घ) लाला लाजपत राय
उत्तर (घ)

प्रश्नः5 आजादी की लड़ाई में तूफान से लड़ सकने वाले वीर सपूत इनमें से कौन से हैं ?
(क) तिलक जी (ख) गाँधी जी
(ग) लाजपत रॉय (घ) सरदार पटेल जी
उत्तर (ग)

प्रश्नः6 ’गौरवगाथा’ पाठ में आजादी की लड़ाई में चट्टान जैसे खड़े हुए हैं वो वीर सपूत निम्न में से कौन से हैं ?
(क) सुभाश चन्द्र बोस (ख) भगत सिंह
(ग) महात्मा गाँधी (घ) बाल गंगाधर तिलक
उत्तर (घ)

प्रश्नः7 अंग्रेजों की जड़े हिलाने वाला इनमें से कौन था ?
(क) लाजपत राय (ख) भगत सिंह
(ग) महात्मा गाँधी (घ) सुखेदव
उत्तर (ग)

प्रश्नः8 पाठ ’गौरवगाथा’ के अनुसार दहकते अंगारों से कौन खेलते हैं ?
(क) सरदार पटेल (ख) सुभाष चन्द्र बोस
(ग) भगत सिंह व सुखदेव (घ) महात्मा गाँधी
उत्तर (ग)

प्रश्नः9 पाठ ’गौरव गाथा’ के अनुसार आजादी के दीवाने इनमें से किन्हें कहा गया है ?
(क) सरदार पटेल (ख) मौलाना आजाद
(ग) लाला लाजपत राय (घ) महात्मा गाँधी
उत्तर (ख)

प्रश्नः10 पाठ ’गौरव गाथा’ के अनुसार निम्न में से किनकी गर्मी से फौलाद पिघल रहा है ?
(क) दादा भाई नारौजी (ख) मौलाना आजाद
(ग) सरदार पटेल (घ) महात्मा गाँधी
उत्तर (ग)

प्रश्नः11 पाठ ’गौरव गाथा’ में निम्न में से किस वीर सपूत का नाम नहीं आया है ?
(क) लाजपत राय (ख) सुखदेव
(ग) सरदार पटेल (घ) महाराणा प्रताप
उत्तर (घ)

प्रश्नः12 पाठ ‘गौरव गाथा’ नामक कविता में शब्द ‘‘गौरव गाथा’’ से क्या अभिप्राय है ?
(क) आजादी के गीत (ख) सावन की गाथा
(ग) बादल की कहानी (घ) बड़प्पन की कहानी
उत्तर (घ)

प्रश्नः13 ये पटेल जिनकी गर्मी से पिघल रहा फौलाद है ’’यह पंक्ति पाठ गौरव गाथा से ली गई है। इसमें आए शब्द ’फौलाद’ का निम्न में से क्या अर्थ है ?
(क) बलिदान (ख) हिम्मत
(ग) सख्त/कड़ा (घ) इज्जत
उत्तर (ग)

प्रश्नः14 ‘आजाद हिन्दुस्तान’ में हिन्दुस्तान एक विशेष स्थान (देश) का नाम है। यह कौन सी संज्ञा को दर्शाता है?
(क) जातिवाचक (ख) व्यक्तिवाचक
(ग) भाववाचक (घ) संख्यावाचक
उत्तर (ख)

प्रश्नः15 निम्न में से कौन सा व्यक्तिवाचक शब्द है चयन करें।
(क) दशरथ (ख) फूल
(ग) नम्रता (घ) मिठास
उत्तर (क)

प्रश्नः16 निम्न में से कौन जातिवाचक संज्ञा में नहीं आता है ?
(क) फूल (ख) पुस्तक
(ग) गाय (घ) रमेश
उत्तर (घ)

प्रश्नः17 ''गंगा हिमालय पर्वत से निकलती है'' में हिमालय पर्वत किस संज्ञा को दर्शाता है?

(क) व्यक्तिवाचक (ख) जातिवाचक

(ग) संख्यावाचक (घ) परिमाणवाचक

उत्तर (क)

प्रश्नः18 कविता 'गौरवगाथा' के अनुसार निम्न में से किसकी गर्मी स फौलाद पिघल रहा है?

(क) लाला लाजपत राय (ख) सरदार पटेल

(ग) मौलाना आजाद (घ) महात्मा गाँधी

उत्तर (ख)

प्रश्नः19 कविता 'गौरवगाथा' में वीरों की गौरवगाथा सुनाई गई है। प्रश्न यह है कि 'गौरवगाथा' में कितने वीरों के नाम आए है?

(क) 10 (ख) 7

(ग) 9 (घ) 8

उत्तर (ग)

प्रश्नः20 पाठ 'गौरवगाथा' में से वीरों ने बलिदान देकर हिन्दुस्तान को आजाद करवाया था। निम्न में से बलिदान के अर्थ को नहीं दर्शाता है ?

(क) कुर्बानी (ख) शीश चढ़ाना

(ग) न्यौछावर होना (घ) नाक कटाना

उत्तर (घ)

# पाठ -9 'सुनो सबकी करो मन की'

प्रश्नः1 'सुनो सबकी, करो मन की' नामक पाठ में व्यापारी कौन था ?
(क) सुख राम (ख) धनीराम
(ग) लाल बुझक्कड़ (घ) रामफल
उत्तर (क)

प्रश्नः2 'सुनो सबकी, करो मन की' पाठ में सुखराम नामक व्यापारी इनमें से कौन से गांव में रहता था ?
(क) मुसेपुर (ख) फूलदार
(ग) फूलपुर (घ) गुलाबपूर
उत्तर (ग)

प्रश्नः3 पाठ में सुखराम नामक व्यापारी का एक इकलौता बेटा था, इनमें से उसका नाम पहचानिए ?
(क) गरीब राम (ख) अमीर चंद
(ग) धनीराम (घ) फक्कड़ नाथ
उत्तर (ग)

प्रश्नः4 पाठ के अनुसार सुखराम नाम के व्यापारी ने अपने बेटे को पहली बार कहाँ भेजा?
(क) अनाजमंडी (ख) सब्जी मंडी
(ग) पड़ोस के गांव (घ) जमींदार के पास
उत्तर (क)

प्रश्नः5 पाठ में सुखराम ने अपने बेटे धनीराम से कहा कि वह 'दिन डूबने' से पहले घर आ जाना। इसमें 'दिन डूबना' शब्द का सही अर्थ निम्न में से क्या होगा ?
(क) सुबह होना (ख) शाम होना
(ग) रात होना (घ) भोर में
उत्तर (ख)

प्रश्नः6 धनीराम व्यापार के लिए चला तो वह कितने खाली बोरे लेकर चला था ?
(क) 2 (ख) 3
(ग) 1 (घ) 4
उत्तर (क)

प्रश्नः7 धनीराम व्यापार के लिए चला तो वह किस साधन से गया ?
(क) साईकिल (ख) पैदल
(ग) घोड़ा (घ) बैलगाड़ी
उत्तर (ग)

प्रश्नः8 पाठ के अनुसार धनीराम को अनाज मंडी पहुँचने में कितना समय लगा ?
(क) लगभग एक घंटा (ख) आधा घंटा
(ग) 2 घंटे (घ) लगभग डेढ़ घंटा
उत्तर (क)

प्रश्नः9 पाठ के अनुसार धनीराम ने मंडी से क्या खरीदा ?
(क) सरसों (ख) मक्का
(ग) बाजरा (घ) गेहूँ
उत्तर (घ)

प्रश्नः10 पाठ के अनुसार धनीराम ने कितने बोरे गेहूँ खरीदा ?
(क)एक बोरा (ख) दो बोरा
(ग) आधा बोरा (घ) लिया ही नहीं
उत्तर ( क)

प्रश्नः11 पाठ के अनुसार अपने शिष्यों के साथ एक पेड़ के नीचे धूनी रमाए बैठे बाबा का नाम इनमें से क्या था?
(क) पगड़ी वाला बाबा (ख) भूल-भूलक्कड़
(ग) दाढ़ी वाला बाबा (घ) लाल बुझक्कड़
उत्तर (घ)

प्रश्नः12 पाठ के अनुसार पगड़ी वाले बाबा की पगड़ी का रंग इनमें से कैसा है ?
(क) हरा (ख) पीला
(ग) नीला (घ) लाल
उत्तर (घ)

प्रश्नः13 पाठ के अनुसार लाल बुझक्कड़बाबा ने धनीराम को खाली बोरे में इनमें से क्या भरने का कहा ?
(क) पत्थर (ख) कोयला
(ग) कपास (घ) हीरे-जवाहरात
उत्तर (क)

प्रश्नः14 पाठ के अनुसार धनीराम घोड़े सहित धड़ाम से गिरा, क्योंकि ---?
(क) घोड़ा बीमार था (ख) बोझ अधिक था
(ग) पैर में चोट लगी थी (घ) धनीराम ने पीटा था
उत्तर (ख)

प्रश्नः15 धनीराम ने घोड़े पर गेहूँ के बराबर वजन के पत्थर भर कर भार को बराबर कर देने के बाद भी, घोड़ा गिरा, क्योंकि---- ?
(क) भार बराबर नहीं हुआ
(ख) घोड़ा थक गया था
(ग) धनीराम बहुत भारी था
(घ) गेहूँ के साथ पत्थर और धनीराम तीनों का भार था
उत्तर (घ)

प्रश्नः16 पाठ के अनुसार धनीराम को कौन सी ठीक युक्ति बताई गई जिससे वह समय पर वापिस घर आ सका ?

(क) गेहूँ के बोरे छोड़ आया

(ख) गेहूँ के भार को आधा-आधा बांट दिया

(ग) धनीराम पैदल आया

(घ) घोड़े को वहीं छोड़ आया

उत्तर (ख )

प्रश्नः17 खरीदने व बेचने का काम करने वाले को क्या कहा जाता है ?

(क) ठग (ख) जमींदार

(ग) व्यापारी (घ) नौकरी

उत्तर (ग)

प्रश्नः18 निम्न में से एक 'शिष्य' का पर्यायवाची नहीं है ?

(क) चेला (ख) गुरू

(ग) विद्यार्थी (घ) छात्र

उत्तर (ख)

प्रश्नः19 सुखराम ने अपने बेटे धनीराम को अनाज लेने मंडी भेजा। यदि आपको भी दवाई लाने को कहा जाता तो आप निम्न में से किस स्थान पर जाते ?

(क) सिनेमाघर (ख) पुस्तकालय

(ग) औषधालय (घ) शौचालय

उत्तर (ग)

प्रश्नः20 यदि पत्र डालने के लिए हम डाकघर जाते हैं तो सब्जी खरीदने के लिए मुझे कहाँ जाना चाहिए ?

(क) अनाजमंडी (ख) बाजार

(ग) फल विक्रेता के पास (घ) सब्जीमंडी

उत्तर (घ)

प्रश्नः21 पाठ के अनुसार धनीराम अनाज मंडी में अनाज खरीदने गया था तो प्रश्न है कि यह निम्न में से किस काल को दर्शाता है ?

(क) वर्तमान काल (ख) भूतकाल

(ग) भविष्यकाल (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (ख)

प्रश्नः22 जिस प्रकार चार राहों का समूह 'चौराहा' कहलाता है। उसी प्रकार नौ रातों के समूह को निम्न में से क्या कहेंगें?

(क) नौ रत्न (ख) नवरस

(ग) नवरात्र (घ) जगराता

उत्तर (ग)

प्रश्नः23 सात दिनों के समूह को 'सप्ताह' कहते हैं इसी प्रकार दस वर्षों का समूह इनमें से क्या कहलाएगा ?

(क) दशमेश (ख) द्विवार्षिक

(ग) वार्षिक (घ) दशक

उत्तर (घ)

प्रश्नः24 जिस प्रकार तीन भुजाओं का समूह त्रिभुज कहलाता है। उसी प्रकार पाँच वट वृक्षों का समूह निम्न में क्या कहलाएगा ?

(क) पंचभुज (ख) पंच वृक्ष

(ग) पंचवटी (घ) पंचमढ़ी

उत्तर (ग)

प्रश्नः25 जहाँ घोड़े को बांधा जाता है वह इनमें से क्या कहलाता है ?

(क) घोड़ाघर (ख) अस्तबल

(ग) अश्वमेघ (घ) कंदरा

उत्तर (ख)

प्रश्नः26 घोड़े की सवारी करने वाले को इनमें से क्या कहा जाता है ?

(क) घुड़साल (ख) घोड़े वाला

(ग) घुड़दौड़ (घ) घुड़सवार

उत्तर (घ)

प्रश्नः27 बिजली का बिल भरने के लिए इनमें से हमें कहां जाना चाहिए ?

(क) डाकघर (ख) बैंक

(ग) बिजली कार्यालय (घ) ए0टी0एम0

उत्तर (ग)

# पाठ-10 'मोबाइल का बोलबाला'

प्रश्नः1 आज के युग में निम्न में से किसका बोलबाला है ?
(क) टेलीफोन (ख) पोस्टकार्ड
(ग) मोबाइल (घ) दूरबीन
उत्तर (ग)

प्रश्नः2 जरा ध्यान से सुनें़-- दिखने में चूहे जैसा ना मूँछ ना पूँछ फिर भी इतनी पूछ ? चल दूर हट मुझसे ? इन पंक्तियों में निम्न में से किस यंत्र की बात हो रही है ?
(क) माऊस (ख) ए0टी0एम0
(ग) मोबाइल फोन (घ) कैलकुलेटर
उत्तर (ग)

प्रश्नः3 जब से मोबाइल आया है तब से इनमें से किसकी पूछ कम हो गई है ?
(क) घड़ी (ख) टेलिफोन
(ग) बैंक (घ) टेलिविजन
उत्तर (ख)

प्रश्नः4 पाठ के अनुसार किस के नए-नए रूप बाजार में आ रहे हैं ?
(क) मोबाइल (ख) टेलिफोन
(ग) कैमरा (घ) चिट्ठी
उत्तर (क)

प्रश्नः5 पाठ 'मोबाइल का बोलबाला' में तीन साधनों की चर्चा दर्शाई गई है ?
(क) मोबाइल (ख) टेलीफोन
(ग) टेलीविजन (घ) चिट्ठी
उत्तर (ग)

प्रश्नः6 'तुम जब से आए हो लोग लिखना ही भूल गए हैं' इस पंक्ति में 'तुम' निम्न में से कौन है ?
(क) टाइपराइटर (ख) चिट्ठी
(ग) मोबाइल (घ) टेलिविजन
उत्तर (ग)

प्रश्नः7 निम्न में से किस यन्त्र में बात करने वाले व सुनने वाले एक-दूसरे को देख भी सकते है ?
(क) टेलीफोन (ख) रेडियो/FM
(ग) मोबाइल (घ) टेलीविजन
उत्तर (ग)

प्रश्नः8 पाठ 'मोबाइल का बोलबाला' से हमें क्या शिक्षा प्राप्त होती है ?
(क) मोबाइल से प्यार करो
(ख) चिट्ठी का प्रयोग करें
(ग) वक्त के साथ चलना सीखो
(घ) मोबाइल से दूर रहे
उत्तर (ग)

प्रश्नः9 आज के मोबाइल फोन से निम्न में से कौन सी सुविधा नहीं होती है ?
(क) ई-मेल करना
(ख) बिल की अदायगी करना
(ग) रेल टिकट बुक करना
(घ) फ्रीज चलाना
उत्तर (घ)

प्रश्नः10 जिस प्रकार दिन का उल्टा रात होता है उसी प्रकार शत्रु का उल्टा अर्थात विलोम क्या होगा ?
(क) आलसी (ख) दुश्मन
(ग) मित्र (घ) रिपु
उत्तर (ग)

# पाठ-11 'रहीम के दोहे'

प्रश्नः1 'रहीमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय।' जो कि रहीम जी की प्रसिद्ध पंक्तियों में से ली गई है। इसमें चटकाय शब्द का अर्थ निम्न में से क्या है ?

(क) खोलना (ख) मोड़ना
(ग) झटका देना (घ) मुँह से काटना

उत्तर (ग)

प्रश्नः2 रहीम जी ने जिस धागे का दोहे में नाम लिया है वो धागा किस रूप में बना हुआ है?

(क) प्रेम के रूप में (ख) मित्र के रूप में
(ग) रस्सी के के रूप में (घ) सुई के रूप में

उत्तर (क)

प्रश्नः3 धागा एक बार टूट जाता हे तो दोबारा कि कैसे जोड़ा जाता है ?

(क) सीलकर (ख) चिपकाकर
(ग) गाँठ लगाकर (घ) चटकाकर

उत्तर (ग)

प्रश्नः4 ''टूटे से फिर ना जुड़े, जुड़े गाँठ पड़ि जाएं'' में रहीम जी कहना चाहते हैं कि हमारे पारस्परिक संबंध बने रहें, हमें भावनात्मक रूप से एक दूसरे से जुड़े रहना चाहिए। अन्यथा एक बार संबंध टूट जाते है तो फिर उनमें आत्मीयता नहीं रहती है। रहीम जी ने इसे समझाने के लिए धागे का उदाहरण दिया हैं, जिसमें गाँठ का उदाहरण क्या बताता है?

(क) बिना गाँठ का धागा अच्छा होता है
(ख) धागे में गाँठ लगने से वह सुई के पार नहीं जा सकता है
(ग) धागा सिलाई कर सकेगा
(घ) धागा ठीक हो जाएगा।

उत्तर (ख)

प्रश्नः5 एक धनी वो लोग होते है जिनके पास धन वैभव होता है एक धनी रहीम जी ने पाठ में बताया है। रहीम जी ने धनी किसको कहा है?

(क) जिसका दोस्त धनी हो
(ख) जिसके पास गाड़ी बंगला हो
(ग) जो गरीब की भलाई के कार्य करे
(घ) जो गरीब के धन को छीन लेते हैं

उत्तर (ग)

प्रश्नः6 कृष्ण और सुदामा जी को किस की उपमा दी गई है ?

(क) अमीर गरीब की
(ख) घनिष्ठ मित्रता की
(ग) राजा और प्रजा की
(घ) भगवान और भक्त की पक्के शत्रुता की

उत्तर (ख)

प्रश्नः7 'कहा सुदामा बापुरो, कृष्ण मिताई जोग' पंक्ति में मिताई शब्द का क्या अर्थ बताया गया है ?

(क) गले मिलना (ख) मित्रता
(ग) मिठाई (घ) कृष्ण की माता

उत्तर (ख)

प्रश्नः8 रहीम जी ने 'दोहा सप्तक' में लिखा है ''जहाँ काम आवै सुई, कहा करै तलवारि। इसमें रहीम जी क्या बताना चाहते हैं?

(क) सुई और तलवार दोनों चुभती है
(ख) सुई का काम तलवार और तलवार का काम सुई नहीं करती है
(ग) सुई का काम तलवार और तलवार का काम सुई कर सकती है
(घ) तलवार सुई से बड़ी होती है

उत्तर (ख)

प्रश्नः9 ''रहीम देख बडेन को , लघु न दीजै डारि '' में डारि शब्द का अर्थ निम्न में से क्या होगा ?

(क) डाली (ख) डायरी
(ग) छोड़ना (घ) डोरी

उत्तर (ग)

प्रश्नः10 रहीम जी अपने इस दोहे में 'रहिमन देख बडेन को, लघु न दीजै डारि। जहाँ काम आवै सुई, कहा करैं तलवारी ?

(क) सुई को छोड़कर तलवार से लड़ाई करें
(ख) बड़े को बड़ी तलवार से और छोटे को सुई से मारो
(ग) हर वस्तु का अपना महत्व होता है
(घ) बड़े से छोटा ताकतवर नहीं होता

उत्तर (ग)

प्रश्नः11 जिस प्रकार तलवार का कार्य सिर्फ काटना है अर्थात युद्ध में काम आती है दोहे के अनुसार सुई क्या कार्य करती है ?

(क) कपड़ो को जोड़ने में
(ख) तलवार की जगह लड़ाई में
(ग) फल काटने में
(घ) भाले में

उत्तर (क)

प्रश्नः12 कोयल की आवाज सभी को अच्छी लगती है। ऐसा

और कौन है जिसकी आवाज कानों में रस घोलती है ?

(क) पपीहा (ख) कौवा

(ग) चील (घ) चातक

उत्तर (क)

प्रश्नः13 रहीम जी ने अपने दोहे में 'वे रहीम नर धन्य है' पर उपकारी अंग, में नर का अर्थ-मनुष्य से है। परन्तु रहीम जी ने किन मनुष्यों को धन्य कहा है ?

(क) जो कहना मानते हैं

(ख) जो दूसरों की भलाई करते है

(ग) जो अपने गुणों को बखान करते हैं

(घ) जो उपकार के कार्य नहीं करते

उत्तर (ख)

प्रश्नः14 रहीम जी के अनुसार जो मेंहदी बांटता है उसके खुद के हाथ लाल हो जाते हैं। इसी प्रकार ऐसी चीज छांटिए जो हाथ से बांटने पर अपना रंग छोड़ती है?

(क) हल्दी (ख) काँच की गोलियाँ

(ग) चिट्ठी (घ) जीरा

उत्तर (क)

प्रश्नः15 रहीम जी द्वारा रचित 'दोहा सप्तक' नामक पाठ में सरवर का अर्थ है सरोवर। इसी प्रकार तरूवर का अर्थ है पेड़। निम्न में से तरूवर का और नाम नहीं है उसे छाँटो?

(क) वृक्ष (ख) पादूप

(ग) विटप (घ) तरूण

उत्तर (घ)

प्रश्नः16 'रहीम जी के अनुसार' जान परत है काक-पिक रितु बसंत के माहिं इन पंक्तियों से पता चलता है कि काक अर्थात कौवा और पिक अर्थात कोयल को बसन्त की ऋतु में आसानी से पहचाना जा सकता है। उन्हें निम्न में से किस आधार पर बसन्त ऋतु में पहचान सकते है?

(क) रंगों के कारण

(ख) बसन्त ऋतु में खिले फूलों का रस चुसने के कारण

(ग) बसन्त की बेला में खुशी से चहकने पर आवाज के कारण

(घ) बसन्त ऋतु में उनके पंख रंगीन हो जाता है

उत्तर (ग)

# पाठ-12 ‘तोको’

प्रश्नः1 ’तोको’ का देश नामक पाठ में ’तोको’ का क्या अर्थ है?
(क) तारा (ख) सूर्योदय
(ग) जापान (घ) एक लड़की का नाम
उत्तर (घ)

प्रश्नः2 निम्न में से किस देश को ’सुर्योदय का देश’ कहा जाता है?
(क) ताइवान (ख) भारत
(ग) चीन (घ) जापान
उत्तर (घ)

प्रश्नः3 जापान कितनी तरफ से समुद्र से घिरा हुआ है ?
(क) एक तरफ से (ख) दो तरफ से
(ग) तीन तरफ से (घ) चारों तरफ से
उत्तर (घ)

प्रश्नः4 ’तोको’ के परिवार में तोको को छोड़कर कुल कितने सदस्य है?
(क) 2 (ख) 3
(ग) 4 (घ) 5
उत्तर (ख)

प्रश्नः5 ’तोको का देश’ नामक पाठ में तोको के छोटे भाई का नाम निम्न में से क्या था?
(क) नितिन (ख) गौरव
(ग) टोनी (घ) तेनाली
उत्तर (घ)

प्रश्नः6 पाठ में आई लड़की जिसका नाम ’तोको’ है जिसका घर बहुत सुन्दर है। उसका घर किस से बना था ?
(क) कागज में
(ख) लकडी से
(ग) कागज और लकड़ी दोनों से
(घ) संगमरमर से
उत्तर (ख)

प्रश्नः7 ‘तोको का देश’ जापान में घर लकड़ी व कागज के बने होते है। ये घर निम्न में से किस प्राकृतिक आपदा के आने पर भी अधिक नुकसान नहीं होता?
(क) बाढ़ (ख) भूकम्प
(ग) आसमानी बिजली (घ) आग लगना
उत्तर (ख)

प्रश्नः8 जापान के लोग इनमें से मुख्य रूप से क्या खाना पसन्द करते हैं ?
(क) बिरयानी (ख) गुड़ के चीले
(ग) दही परांठे (घ) मछली और चावल
उत्तर (घ)

प्रश्नः9 जापान में लोग चावल खाने के लिए निम्न में से किस का इस्तेमाल करते हैं ?
(क) चम्मच (ख) काँटा
(ग) चापस्टिक (घ) हाथ
उत्तर (ग)

प्रश्नः10 जापान में ’चेरी के वृक्षों पर जब सुन्दर फूल खिलते है तो निम्न में से कौन सा उत्सव मनाया जाता है’ ?
(क) तोको उत्सव (ख) चेरी उत्सव
(ग) फूल उत्सव (घ) बंसतोत्सव
उत्तर (ख)

प्रश्नः11 जिस प्रकार हमारे यहाँ दीपावली के त्यौहार पर चहल-पहल होती है। वैसे ही जापान में भी ऐसा ही एक त्योहार मनाया जाता है इनमें से वह कौन सा है ?
(क) नव वर्ष (ख) क्रिसमिस
(ग) चेरी उत्सव (घ) होली
उत्तर (क)

प्रश्नः12 जापान में एक ऐसा त्योहार भी मनाया जाता है जो मुख्यतः लड़कियों के लिए होता है। इनमें से बताओ वह क्या है ?
(क) झूल उत्सव (ख) गुड़ियों का त्यौहार
(ग) मिठाई का उत्सव (घ) चिड़ियाघर की सैर
उत्तर (ख)

प्रश्नः13 हमारा देश एशिया महाद्वीप में स्थित है इसी प्रकार आपको यह बताना है कि जापान कौन से महाद्वीप में स्थित है ?
(क) एशिया (ख) अंटार्टिका
(ग) अफ्रीका (घ) यूरोप
उत्तर (क)

प्रश्नः14 जापान के लोगों का प्रमुख पेय क्या है?
(क) कोल्डड्रिंक (ख) ब्लैक टी
(ग) हरी चाय व कॉफी (घ) दूध
उत्तर (ख)

प्रश्नः15 निम्न में से फूल का एक नाम नहीं है?
(क) पुष्प (ख) सुमन
(ग) उपवन (घ)कुसुम
उत्तर (ग)

प्रश्नः16 निम्न में से बहन को यह भी कहते हैं ?

(क) तनया (ख) भगिनी

(ग) पुत्री (घ) भ्राता

उत्तर (ख)

प्रश्नः17 ''गंगा हिमालय पर्वत से निकलती है'' में हिमालय पर्वत किस संज्ञा को दर्शाता है?

(क) व्यक्तिवाचक (ख) जातिवाचक

(ग) संख्यावाचक (घ) भाववाचक

उत्तर (क)

# पाठ- 13 ‘बाँसुरी वाला’

प्रश्नः1 पाठ ’बाँसुरी वाला’ में बाँसुरी एक वाद्ययन्त्र है जो मुँह से बजायी जाती है जिसमें अनेकों छेद होते हैं अब आपको यह बताना है कि निम्न में वह कौन-सा वाद्य यंत्र है जो मुँह से बजाया जाता है ?

(क) हारमोनियम (ख) गिटार
(ग) शहनाई (घ) ड्रम

उत्तर (ग)

प्रश्नः2 जिस प्रकार ’ग्वाले गाय चराएंगे, ’किसान खेती करेंगें’, चित्रकार चित्र बनाएंगे तो जुलाहा निम्न में से क्या काम करेगा?

(क) जल लाएगा (ख) झूला झुलाएगा
(ग) कपड़ा बनाएगा (घ) पशु चराएगा

उत्तर (ग)

प्रश्नः3 बच्चा बाँसुरी लाने की जिद्‌द करता है वह अपनी इच्छा किस के सामने रख रहा है ?

(क) भगवान के (ख) द्रोपदी के
(ग) अम्मा के (घ) बाबा के

उत्तर (ग)

प्रश्नः4 बच्चा बाँसुरी लेने व गाय चराने आदि की जिद्‌द करता है निम्न में से वह कौन सी जिद्‌द है जो मथुरा को मामा के आंतक से मुक्ति दिलाती है ?

(क) दुःशासन का अन्त (ख) कंस का अन्त
(ग) रावण का अन्त (घ) मेघनाथ का अन्त

उत्तर (ख)

प्रश्नः5 कृष्ण ने कंस को ’मामा’ कहा है मामा, माता का भाई होता है तो यहाँ कंस की बहन कौन थी ?

(क) यशोदा (ख) देवकी
(ग) द्रौपदी (घ) कुन्ती

उत्तर (ख)

प्रश्नः6 भगवान कृष्ण ने ’गीता’ का उपदेश अर्जुन को दिया था वह स्थान है कुरूक्षेत्र। कुरूक्षेत्र निम्न में से किस राज्य में है ?

(क) पंजाब (ख) हिमाचल
(ग) उत्तर प्रदेश (घ) हरियाणा

उत्तर (घ)

प्रश्नः7 द्रौपदी पांडवों की पत्नी थी लेकिन द्यूतक्रीड़ा में ऐसे दांव पर लगाकर पांडवों द्वारा हारा गया और कौरवों ने उसे जीत लिया। तदुपरान्त कौरवों की तरफ से द्रौपदी का चीरहरण किसके द्वारा किया गया ?

(क) दुर्योधन (ख) दुःशासन
(ग) जरासंध (घ) युधिष्ठिर

उत्तर (ख)

प्रश्नः8 अर्जुन पांडव के वंशज थे वे एक निपुण धनुर्धारी थे। जब कौरवों व पांडवों के बीच युद्ध के दौरान भगवान कृष्ण की निम्न में क्या भूमिका रही ?

(क) कौरवों की तरफ से लड़े
(ख) युधिष्ठिर के रथ के सारथी रहे
(ग) भीम के रथ पर थे
(घ) अर्जुन के रथ के सारथी थे

उत्तर (घ)

प्रश्नः9 जब इन्द्रदेव कुपित हो गए थे तो उन्होनें गोकुल वासियों को भारी आँधी तूफान से बचाने के लिए छत खड़ी कर दी थी। निम्न में से उस पर्वत को अपनी ऊंगली पर उठाया था। आपको बताना है कि निम्न में से उस पर्वत का क्या नाम था ?

(क) हिमालय (ख) गोवर्धन
(ग) नीलगिरि (घ) विंध्याचल

उत्तर (ख)

प्रश्नः10 जब कौरवों व पाण्डवों का युद्ध हो रहा था तब आमने सामने योद्धा युद्ध करने के लिए खड़े थे। क्या आप बता सकते हैं उनके बीच क्या संबंध थे (पाठ के अनुसार)?

(क) रिश्तेदार (ख) पड़ोसी थे
(ग) दोस्त थे (घ) अपराधी थे

उत्तर (क)

प्रश्नः11 जब युद्ध कौरवों और पांडवों के बीच युद्ध चल रहा था तब एक पांडव ने युद्ध करने से इन्कार कर दिया था क्योंकि वह अपने रिश्तेदारों पर बाण नहीं चलाना चाहते थे तब कृष्ण भगवान ने उसे निम्न में से किस ग्रन्थ का पाठ पढ़ाया था ?

(क) महाभारत का (ख) रामायण का
(ग) गीता का (घ) वेद व उपनिषदों का

उत्तर (ग)

प्रश्नः12 पांच पांडव थे जिनमें से एक थे अर्जुन। अर्जुन ने युद्ध न करने का निर्णय लिया अर्जुन ने किस के समक्ष अपना निर्णय सुनाया ?

(क) श्री कृष्ण (ख) भीम
(ग) युधिष्ठिर (घ) पितामह भीष्म

उत्तर (क)

प्रश्नः13 जिस प्रकार धनुर्धारी का अर्थ 'धनुष चलाने वाला होता है, गाड़ीवाहक गाड़ी चलाने वाला होता है और घुड़सवार, घोड़े की सवारी करने वाला होता है। इसी प्रकार क्या आप बता सकते है कि 'सारथी' का क्या अर्थ होगा? आपके विकल्प इस प्रकार है?

(क) साथी (ख) हाथी वाला

(ग) रथ हांकने वाला (घ) ऊंट गाड़ी वाला

उत्तर (ग)

प्रश्नः14 चीर का अर्थ है-वस्त्र, अभिमान का अर्थ है-घमंड। तो क्या आप बता सकते है कि 'हर्ज' शब्द का अर्थ निम्न में से क्या होगा?

(क) हाथ (ख) हज पर जाना

(ग) हानि/बाधा (घ) हार जाना

उत्तर (ग)

प्रश्नः15 ग्वाला-गायों को चराने वाला होता है, यदि ग्वाले की पत्नी गायों को चराती हो तो उसे क्या कहते हैं ?

(क) ग्वाली (ख) ग्वालिन

(ग) पनिहारिन (घ) गांव वाली

उत्तर (ख)

प्रश्नः16 दिन को दिवस, वार कहा जाता है इसी प्रकार चीर के अन्य नाम निम्न प्रकार से है जो चीर का नाम नहीं है उसे छांटो ?

(क) वसन (ख) कपड़ा

(ग) वस्त्र (घ) पटसन

उत्तर (घ)

प्रश्नः17 उपमा देते है जैसे दूध-सा- सफेद, गंगा-सा- पवित्र, हाथी-सा -मोटा तो ऐसे पर्वत-सा -- क्या होगा ?

(क) काला (ख) कोमल

(ग) छोटा (घ) कठोर

उत्तर (घ)

# पाठ-14 'जादू का दीपक'

प्रश्नः 1 अलादीन का जीवन निर्वाह कठिनाई से होता था। वह कैसे परिवार से सम्बन्ध रखता था?

क. अमीर परिवार से ख. गरीब परिवार से

ग. मध्यम परिवार से घ. इनमें से कोई नहीं

उतर : ख

प्रश्न :2 अलादीन ने दरवाजा खुलते तो सामने एक वृद्ध व्यक्ति को खड़े पाया। वृद्ध ने दरवाजा खुलते ही किसके बारे में पूछा?

क. मां के बारे में

ख. मुस्तफा दरजी के बारे में

ग. अलादीन के बारे में

घ. किसी अन्य के बारे में

उतर : ख

प्रश्नः 3 वृद्ध व्यक्ति ने अलादीन को अपना क्या परिचय दिया?

क. पिता जी का भाई ख. पिता जी का दोस्त

ग. जादूगर घ. मुस्तफा दरजी

उतर : क

प्रश्नः 4 वास्तव में वह वृद्ध व्यक्ति कौन था?

क. जिन्न ख. पिता जी का भाई

ग. अलादीन का चाचा घ. जादूगर

उतर : घ

प्रश्नः 5 अलादीन को जादूगर शहर के बाहर जंगल में एक गुफा में लेकर गया। गुफा के मुंह पर क्या रखा था?

क. लकड़ी ख. ईंट

ग. पत्थर घ. पर्दा

उतर : ग

प्रश्नः 6 जादूगर ने अलादीन को गुफा के भीतर से क्या लाने को कहा?

क. हीरे-मोती ख. रत्न

ग. दीपक घ. पत्थर

उतर : ग

प्रश्नः 7 दीपक को रगड़ लगाने से जिन्न पैदा हो गया तो जिन्न ने अलादीन को क्या कहा?

क. दीपक मुझे दे दो

ख. बोलिए, मालिक क्या आज्ञा है

ग. जादूगर कहां है

घ. चिल्लाने लगा

उतर : ख

प्रश्नः8 अलादीन ने कांपते स्वर में जिन्न से पुछा 'तुम कौन हो' तो जिन्न ने क्या बताया?

क. मैं इस दीपक का सेवक हूँ। जिसके पास दीपक है, वही मेरा स्वामी है।

ख. मैं आपका स्वामी हूं।

ग. मैं राजा हूं।

घ. मैं जादूगर हूं।

उतर : क

प्रश्नः9 अलादीन ने जिन्न से पहली मांग क्या की?

क. मुझे राजा बना दो।

ख. मुझे मेरे घर पहुँचा दो।

ग. मुझे हीरे जवाहरात दे दो।

घ. मेरी शादी करवा दो।

उतर : ख

प्रश्नः10 'जादू का दीपक' पाठ में पुराने दीपक के बदले नए सुंदर दीपक किसने लिए?

क. अलादीन ने ख. मां ने

ग. शहजादी ने घ. जादूगर ने

उतर : ग

प्रश्नः11 वृद्ध व्यक्ति दीपक को कहां छुपा कर रखता था?

क. अलमारी में ख. सिरहाने के नीचे

ग. बिस्तर के नीचे घ. खिड़की में

उतर : ख

प्रश्नः12 'पकड़ो,पकड़ो' चिल्लाता हुआ धरती पर कौन गिर पड़ा?

क. मां ख. बुढ़ा जादूगर

ग. शहजादी घ. अलादीन

उतर : ख

# पाठ –15 'मां को पत्र'

प्रश्नः1 'मां को पत्र' कविता के कवि कौन है?

क. डा0 हरिचन्द्र वर्मा
ख. राजनारायण चौधरी
ग. केशव प्रसाद पाठक
घ. श्याम लाल पार्षद

उतर : ग

प्रश्नः2 मां को पत्र किसने लिखा?

क. बेटे ने　　ख. पिता ने
ग. नानी ने　　घ. लेखक ने

उतर : क

प्रश्नः3 'नानी' कौन होती है?

क. मां की मां　　ख. मां की बहन
ग. मां की सास　　घ. बेटी

उतर : क

प्रश्नः4 'मां को पत्र' कविता में मां बेटे को कब वापिस आने को कहती है?

क. आने वाले कल को　　ख. बीते हुए कल को
ग. परसों　　घ. रविवार को

उतर : ग

प्रश्नः5 'मां को पत्र' कविता में बेटा कहां खड़ा होकर मां का इन्तजार करने को कहता है?

क. आंगन में　　ख. द्वार पर
ग. गाड़ी पर　　घ. घर में

उतर : ख